रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** बैटरी का प्रतीक ...............है।

Ans
- ✗ A. बिंदु वाला एक वृत्त
- ✗ B. तीरों वाला एक आयत
- ✓ C. एक साथ जुड़े हुए कई सेल
- ✗ D. एक लंबी और एक छोटी लाइन

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-से ऊतक, जंतु काय (animal body) में आच्छादी या रक्षी ऊतक होते हैं?

Ans
- ✗ A. मृदूतक
- ✗ B. दृढ़ोतक
- ✗ C. तंत्रिका ऊतक
- ✓ D. उपकला ऊतक

**Q.3** HIV-संक्रमण के संचरण के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी नहीं है?

Ans
- ✗ A. संक्रमित सुईयों का उपयोग करना
- ✓ B. संक्रमित व्यक्ति को गले लगाना
- ✗ C. संक्रमित व्यक्ति के साथ यौन संपर्क
- ✗ D. संदूषित रक्त का आधान

**Q.4** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, संतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

Ans
- ✗ A. ब्यूटाइन (Butyne)
- ✗ B. एथीन (Ethene)
- ✗ C. एथाइन (Ethyne)
- ✓ D. प्रोपेन (Propane)

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सी गर्भ नियंत्रण विधि, हार्मोनल असंतुलन और संभवतः स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न कर सकती है?

Ans
- ✗ A. कॉपर-टी (Copper-T)
- ✗ B. डिम्बवाहिनी उच्छेद (Tubectomy)
- ✗ C. कंडोम (Condoms)
- ✓ D. मुखी गर्भनिरोधक गोलियां (Oral contraceptive pills)

| | |
|---|---|
| Q.6 | विद्युत ऊर्जा का व्यापारिक मात्रक किलोवाट घंटा (kWh) है। निम्नलिखित में से कौन-सा, 1kWh का सही मान है? |
| Ans | ✗ A. 3.0 × 106 जूल |
| | ✗ B. 1.9 × 106 जूल |
| | ✓ C. 3.6 × 106 जूल |
| | ✗ D. 1.6 × 106 जूल |

| | |
|---|---|
| Q.7 | किसी वस्तु के द्रव्यमान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
| Ans | ✓ A. यह समान रहता है वस्तु चाहे कहीं भी हो। |
| | ✗ B. यह ध्रुव पर बढ़ता है। |
| | ✗ C. यह स्थान-स्थान पर बदलता रहता है। |
| | ✗ D. यह गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.8 | द्रव्यमान संख्या के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है? |
| Ans | ✓ A. प्रोटियम और ड्यूटेरियम की द्रव्यमान संख्या समान होती है। |
| | ✗ B. द्रव्यमान संख्या, न्यूट्रॉनों की संख्या और प्रोटॉनों की संख्या के योगफल के बराबर होती है। |
| | ✗ C. आइसोबार की द्रव्यमान संख्या समान होती है। |
| | ✗ D. न्यूक्लियोन्स की संख्या द्रव्यमान संख्या के समान होती है। |

| | |
|---|---|
| Q.9 | निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल-क्षार सूचक, अम्लीय माध्यम में रंगहीन और क्षारीय माध्यम में गुलाबी होता है? |
| Ans | ✗ A. लिटमस (Litmus) |
| | ✓ B. फीनॉलफ्थेलिन (Phenolphthalein) |
| | ✗ C. मेथिल ऑरेन्ज (Methyl orange) |
| | ✗ D. ब्रोमोथाइमॉल ब्लू (Bromothymol blue) |

| | |
|---|---|
| Q.10 | एक स्पष्ट प्रतिध्वनि सुनने के लिए, मूल ध्वनि और परावर्तित ध्वनि के बीच न्यूनतम समय अंतराल लगभग ___________ होना चाहिए। |
| Ans | ✗ A. 1 s |
| | ✓ B. 0.1 s |
| | ✗ C. 0.5 s |
| | ✗ D. 0.01 s |

| | |
|---|---|
| Q.11 | एक सीधी रेखा के अनुदिश गति के लिए वेग-समय ग्राफ के अधीन क्षेत्रफल क्या दर्शाता है? |
| Ans | ✗ A. त्वरण में परिवर्तन |
| | ✗ B. दो बिंदुओं के बीच की कुल दूरी |
| | ✗ C. वस्तु का अंतिम वेग |
| | ✓ D. वस्तु का कुल विस्थापन |

| | |
|---|---|
| Q.12 | प्रकाश के प्रकीर्णन की घटना को सबसे पहले ________ द्वारा स्पष्ट किया गया था। |
| Ans | ✗ A. जेम्स क्लर्क मैक्सवेल (James Clerk Maxwell) |
| | ✓ B. आइजैक न्यूटन (Isaac Newton) |
| | ✗ C. क्रिस्टियान ह्यूजेंस (Christiaan Huygens) |
| | ✗ D. अल्बर्ट आइंस्टीन (Albert Einstein) |

| Q.13 | नाभिक के अंदर की सघन संरचना जो राइबोसोम का निर्माण करती है उसे _____ कहा जाता है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. न्यूक्लियस (nucleolus) |
| | ✗ B. सेंट्रोसोम (centrosome) |
| | ✗ C. माइटोकॉन्ड्रिया (nucleolus) |
| | ✗ D. लाइसोसोम (lysosome) |

| Q.14 | यदि एक सामान्य मानव आँख की समंजन शक्ति अधिकतम है, तो सिलिअरी मांसपेशियों (ciliary muscles) के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. पूरी तरह से संकुचित |
| | ✗ B. पूरी तरह से शिथिल |
| | ✗ C. आंशिक रूप से संकुचित |
| | ✗ D. आंशिक रूप से शिथिल |

| Q.15 | वैद्‌युतअपघटनी परिष्करण के दौरान, कैथोड पर कौन-सा/से पदार्थ एकत्रित होता है/होते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. अयस्कों से बचा हुआ जैव द्रव्य |
| | ✗ B. नए आबंधो के साथ वही धातु |
| | ✔ C. अशुद्ध धातु का शुद्ध रूप |
| | ✗ D. अविलेय अशुद्धियां और गैसें |


| Q.16 | जब अम्ल धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करता है, तो __________ का निर्माण होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. उत्पाद के रूप में क्षार और जल |
| | ✗ B. केवल लवण और हाइड्रोजन गैस |
| | ✔ C. लवण, कार्बन डाइऑक्साइड और जल |
| | ✗ D. केवल गैस और ठोस अवक्षेप |

| Q.17 | न्यूटन के तीसरे नियम के अनुसार क्रिया और प्रतिक्रिया बलों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वे एक ही वस्तु पर अलग-अलग समय पर कार्य करते हैं |
| | ✗ B. वे एक ही वस्तु पर एक ही दिशा में कार्य करते हैं |
| | ✗ C. वे एक दूसरे को रद्द कर देते हैं क्योंकि वे एक ही वस्तु पर कार्य करते हैं |
| | ✔ D. वे एक ही समय में दो अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं |

| Q.18 | रदरफोर्ड के परमाणु मॉडल में, निम्नलिखित में से कौन-से कण हीलियम आयनों पर दोहरे आवेशित होते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. अल्फा कण |
| | ✗ B. डेल्टा कण |
| | ✗ C. गामा कण |
| | ✗ D. बीटा कण |

| Q.19 | घ्राण सूचकों (olfactory indicators) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. प्याज और वेनिला दोनों अम्लीय परिस्थितियों में अपनी गंध खो देते हैं। |
| | ✔ B. अम्लीय विलयनों में प्याज का अर्क अपनी विशिष्ट गंध बरकरार रखता है। |
| | ✗ C. क्षारीय विलयनों में, वेनिला इत्र अपनी मूल मीठी गंध बरकरार रखता है। |
| | ✗ D. क्षारीय विलयनों में प्याज के अर्क की गंध अपरिवर्तित रहती है। |

| | |
|---|---|
| Q.20 | एक व्यक्ति 3 मिनट में 600 J कार्य करता है। औसत शक्ति क्या है? |
| Ans | ✔ A. 3.33 W |
| | ✘ B. 200 W |
| | ✘ C. 330 W |
| | ✘ D. 20 W |

| | |
|---|---|
| Q.21 |   दिए गए चित्र में रूक्ष अंतर्द्रव्यी जालिका (rough endoplasmic reticulum) से जुड़ी संरचना 'A' का प्राथमिक कार्य क्या है? |
| Ans | ✘ A. वसा अणुओं का उत्पादन |
| | ✔ B. प्रोटीन निर्माण |
| | ✘ C. आनुवंशिक पदार्थ का भंडारण |
| | ✘ D. भोजन कणों का पाचन |

| | |
|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और गलत कथन का चयन करें। |
| Ans | ✔ A. मेडुला ऑब्लांगेटा, गर्म वस्तु से हाथ हटाने जैसी प्रतिवर्ती क्रियाओं को नियंत्रित करता है। |
| | ✘ B. प्रमस्तिष्क (Cerebrum) मानव मस्तिष्क का सबसे बड़ा हिस्सा है तथा यह चिंतन और स्वैच्छिक क्रियाओं के लिए उत्तरदायी होता है। |
| | ✘ C. मेरु रज्जु, मस्तिष्क और शरीर के शेष हिस्सों के बीच एक रिले के रूप में कार्य करती है और प्रतिवर्ती क्रियाओं को भी नियंत्रित करती है। |
| | ✘ D. अनुमस्तिष्क (Cerebellum) शरीरिक मुद्रा तथा संतुलन बनाए रखने में सहायता करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.23 | पेट्रोलियम का संरक्षण क्यों महत्वपूर्ण है? |
| Ans | ✘ A. पेट्रोलियम एक नवीकरणीय संसाधन है। |
| | ✔ B. पेट्रोलियम एक अनवीकरणीय संसाधन है। |
| | ✘ C. पेट्रोलियम प्रकृति में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। |
| | ✘ D. पेट्रोलियम पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालता है। |

| | |
|---|---|
| Q.24 | मटर का निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण एक प्रभावी विशेषक था, जिसका उपयोग मेंडल द्वारा अपने प्रयोगों में किया गया था? |
| Ans | ✘ A. हरे बीज (Green Seeds) |
| | ✘ B. झुर्रीदार बीज (Wrinkled Seeds) |
| | ✔ C. लंबे पादप (Tall Plants) |
| | ✘ D. छोटे पादप (Dwarf Plants) |

| | |
|---|---|
| Q.25 | निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, किसी द्रव के वाष्पन दर में वृद्धि करेगी? |
| Ans | ✗ A. पृष्ठीय क्षेत्रफल में कमी |
| | ✓ B. पवन चाल में वृद्धि |
| | ✗ C. तापमान में कमी |
| | ✗ D. आर्द्रता में वृद्धि |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | किसी संख्या का तीन-चौथाई भाग उसके दो-पाँचवें भाग से 63 अधिक है। वह संख्या कौन-सी है? |
| Ans | ✗ A. 126 |
| | ✓ B. 180 |
| | ✗ C. 163 |
| | ✗ D. 252 |

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक व्यापारी अपने माल का मूल्य, क्रय मूल्य से 29% अधिक अंकित करता है और अंकित मूल्य पर 7% की छूट देता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत कितना है? |
| Ans | ✗ A. 23.89% लाभ |
| | ✗ B. 19.1% हानि |
| | ✓ C. 19.97% लाभ |
| | ✗ D. 22.67% लाभ |

| | |
|---|---|
| Q.28 | दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 84 है। वे संख्याएं 4 : 3 के अनुपात में हैं। उन संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 49 |
| | ✗ B. 32 |
| | ✗ C. 56 |
| | ✗ D. 24 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | एक आदमी ₹20 प्रति पत्रिका की दर से थोक में पत्रिकाएं खरीदता है। वह उन्हें ₹23 प्रति पत्रिका की दर से बेचता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 12% |
| | ✗ B. 14% |
| | ✓ C. 15% |
| | ✗ D. 10% |

| | |
|---|---|
| Q.30 | एक त्रिभुज के शीर्ष A(4,−6), B(3,−2) और C(5, 2) हैं। इन बिंदुओं से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 6 वर्ग इकाई |
| | ✗ B. 10 वर्ग इकाई |
| | ✗ C. 5 वर्ग इकाई |
| | ✗ D. 8 वर्ग इकाई |

| | |
|---|---|
| Q.31 | $\left(\sqrt{75}-\sqrt{108}+\sqrt{6075}\right)^2$ को सरल कीजिए। |
| Ans | ✓ A. $5808$ |
| | ✗ B. $1936\sqrt{3}$ |
| | ✗ C. $5808\sqrt{3}$ |
| | ✗ D. $132$ |

| | |
|---|---|
| Q.32 | बीजीय व्यंजक को सरल कीजिए।<br><br>$a^2(a + 2) – 3a (a^2 – 3) – 5a (a + 5)$ |
| Ans | ✗ A. –2a3 – a2 – 16a |
| | ✓ B. –2a3 – 3a2 – 16a |
| | ✗ C. a3 – 3a2 – 16a |
| | ✗ D. 2a3 – 3a2 – 16 |

| | |
|---|---|
| Q.33 | एक क्रिकेटर का 6 पारियों में औसत 97 रन है। यदि वह 7वीं पारी में 231 रन बनाता है, तो उसके औसत स्कोर में कितने रन (निकटतम पूर्ण संख्या तक पूर्णांकित) की वृद्धि होगी? |
| Ans | ✗ A. 25 |
| | ✗ B. 17 |
| | ✓ C. 19 |
| | ✗ D. 11 |

| | |
|---|---|
| Q.34 | प्रेक्षणों 29, 90, 50, 26, 36, 77, 86, 33 और 41 का समांतर माध्य कितना है। |
| Ans | ✗ A. 65 |
| | ✗ B. 60 |
| | ✓ C. 52 |
| | ✗ D. 50 |

| | |
|---|---|
| Q.35 | दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7% वार्षिक की दर से ऋण देते हैं। अक्षय ने प्रत्येक बैंक से ₹4,60,000 उधार लिए। 4 वर्षों के बाद अक्षय द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशि के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 64,400 |
| | ✗ B. 65,400 |
| | ✗ C. 65,900 |
| | ✗ D. 63,900 |

| | |
|---|---|
| Q.36 | $(2.99)^2$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 8.9401 |
| | ✗ B. 8.9041 |
| | ✗ C. 8.8401 |
| | ✗ D. 8.9104 |

| | |
|---|---|
| Q.37 | किसी काम को पूरा करने के लिए माही को नेहा और आशा के संयुक्त समय से दोगुना समय लगेगा, जबकि आशा को नेहा और माही के संयुक्त समय से तीन गुना समय लगेगा। अगर तीनों दोस्त मिलकर काम करें, तो वे उस काम को 20 दिनों में पूरा कर सकती हैं। नेहा को अकेले उसी काम को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे? |
| Ans | ✗ A. 24 दिन |
| | ✗ B. 36 दिन |
| | ✓ C. 48 दिन |
| | ✗ D. 42 दिन |

| | |
|---|---|
| Q.38 | A और B की वर्तमान आयु का योग 42 वर्ष है। 6 वर्ष बाद, A की आयु B की आयु की दोगुनी होगी। B की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 12 वर्ष |
| | ✗ B. 15 वर्ष |
| | ✗ C. 10 वर्ष |
| | ✗ D. 14 वर्ष |

| Q.39 | किसी डीलर ने ₹92,000 में एक ड्रायर में खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 77% की छूट देता है और फिर भी उसे 83% का लाभ होता है। ड्रायर का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. ₹7,32,000 |
| | ✘ B. ₹7,31,858 |
| | ✘ C. ₹7,31,919 |
| | ✘ D. ₹7,31,917 |

| Q.40 | यदि 646 केले तीन बंदरों के बीच $\frac{1}{6} : \frac{1}{9} : \frac{1}{4}$ के अनुपात में वितरित किए गए, तो पहले बंदर को कितने केले मिले? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 214 |
| | ✘ B. 234 |
| | ✘ C. 174 |
| | ✔ D. 204 |

| Q.41 | यदि X और 125 का माध्यानुपाती 25 है, तो X का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 5 |
| | ✘ B. 8 |
| | ✘ C. 7 |
| | ✘ D. 4 |

| Q.42 | निशि 33 km/hr की चाल से एक शॉपिंग मॉल तक जाती है और 57 km/hr की चाल से वापस आ जाती है। सम्पूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 32.8 |
| | ✔ B. 41.8 |
| | ✘ C. 34.8 |
| | ✘ D. 39.1 |

| Q.43 | यदि किसी संख्या के 20% को 84 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या होगी। उसी संख्या का 75% कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. 88.75 |
| | ✘ B. 108.75 |
| | ✔ C. 78.75 |
| | ✘ D. 98.75 |

| Q.44 | 279 m ऊँचे एक लाइटहाउस के शीर्ष से, एक जहाज का अवनमन कोण 60° है। जहाज और लाइटहाउस के पाद (foot) के बीच की दूरी (मीटर में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. $93\sqrt{3}$ |
| | ✘ B. $89\sqrt{3}$ |
| | ✘ C. $92\sqrt{3}$ |
| | ✘ D. $90\sqrt{3}$ |

| Q.45 | रमन की आय ₹61,500 है। वह अपनी आय के 17% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 38% की वृद्धि होती है तथा व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _____________होगी। |
|---|---|
| Ans | ✘ A. ₹13,159 की कमी |
| | ✘ B. ₹13,165 की कमी |
| | ✘ C. ₹13,156 की वृद्धि |
| | ✔ D. ₹13,161 की वृद्धि |

| Q.46 | आयत ABCD के भीतर कोई भी बिंदु P है। यदि PA = 100 cm, PB = 76 cm, और PC = 85 cm है, तो PD की लंबाई (cm में) निम्नलिखित में से कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 103 |
| | ✗ B. 104 |
| | ✗ C. 112 |
| | ✓ D. 107 |

| Q.47 | एक त्रिभुज जिसका क्षेत्रफल 84 $cm^2$ है। यदि इसके आधार के संगत शीर्षलंब, आधार की लंबाई का दो-तिहाई है, तो आधार की लंबाई ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $4\sqrt{7}$ cm |
| | ✓ B. $6\sqrt{7}$ cm |
| | ✗ C. $6\sqrt{3}$ cm |
| | ✗ D. $5\sqrt{7}$ cm |

| Q.48 | एक पाइप एक टैंक को 8 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 40 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएँ, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 11 |
| | ✗ C. 10 |
| | ✓ D. 5 |

| Q.49 | एक आदमी 12 km/hr की चाल से चल रहा है। प्रत्येक किलोमीटर चलने के बाद, वह 7 मिनट का विश्राम लेता है। 6 km की दूरी तय करने में उसे कितना समय (मिनट में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 72 |
| | ✗ B. 54 |
| | ✓ C. 65 |
| | ✗ D. 42 |

| Q.50 | $\frac{1}{20}$, $\frac{10}{60}$ का कितना प्रतिशत है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 40% |
| | ✗ B. 45% |
| | ✓ C. 30% |
| | ✗ D. 60% |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | निम्नलिखित संख्या और चिह्न श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएँ एक अंकीय हैं।<br><br>(बाएं) * + 9 \ / ? > @ 5 5 / ? / 9 * 1 ? # + 6 # (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. एक |
| | ✗ B. तीन |
| | ✗ C. दो |
| | ✗ D. एक भी नहीं |

| Q.52 | यदि संख्या 178673 के प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योगफल कितना होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 13 |
| | ✗ B. 10 |
| | ✗ C. 11 |
| | ✓ D. 12 |

| Q.53 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 4 7 1 8 3 5 4 2 9 9 3 3 1 2 8 6 7 4 4 6 6 2 1 8 1 9 3 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. चार |
| | ✓ B. दो |
| | ✗ C. पांच |
| | ✗ D. तीन |

| Q.54 | निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 3 7 1 9 4 6 2 5 8 3 7 5 9 4 6 2 5 8 3 7 1 9 8 6 2 (दाएं)।<br><br>ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है और ठीक बाद एक सम अंक है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. चार |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. पांच |

| Q.55 | एक निश्चित तरीके से, RY 17 का संबंध VW 3 से है। उसी तरीके से, IK 11 का संबंध MI −3 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, PI 16 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BT 3 |
| | ✓ B. TG 2 |
| | ✗ C. RT 5 |
| | ✗ D. NJ 7 |

| Q.56 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(16, 262, 7)<br>(40, 1612, 13) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (36, 1318, 18) |
| | ✗ B. (8, 72, 4) |
| | ✓ C. (4, 38, 23) |
| | ✗ D. (7, 74, 21) |

| | |
|---|---|
| Q.57 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह इसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. HMF |
| | ✓ B. RWO |
| | ✗ C. NSL |
| | ✗ D. PUN |

| | |
|---|---|
| Q.58 | निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।<br><br>DEAR - EADR - RAED<br>SOME - OMSE - EMOS |
| Ans | ✓ A. WARD - ARWD - DRAW |
| | ✗ B. ZONE - ZNOE - ENOZ |
| | ✗ C. RACE - ACRE - ACER |
| | ✗ D. JUTE - UJTE - EUTJ |

| | |
|---|---|
| Q.59 | छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। C के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। B, F के ठीक दाईं ओर ठीक पड़ोस में है। E, C के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। D और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 3 |
| | ✗ C. 1 |
| | ✓ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.60 | सात डिब्बे, B, C, D, I, J, K और L, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल C को I के नीचे रखा गया है। C और J के बीच केवल चार डिब्बे रखे गए हैं। J और D के बीच केवल L को रखा गया है। B को J के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। K और C के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं? |
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. चार |
| | ✗ C. तीन |
| | ✓ D. एक |

| | |
|---|---|
| Q.61 | गौरव बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 14 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है, और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?<br>(सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
| Ans | ✓ A. पूर्व में 4 km |
| | ✗ B. पश्चिम में 5 km |
| | ✗ C. पश्चिम में 4 km |
| | ✗ D. पूर्व में 5 km |

| Q.62 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी कार, बस हैं।<br>सभी बस, विमान हैं।<br>कोई कार, ट्रेन नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई बस, ट्रेन नहीं है।<br>(II) कोई विमान, ट्रेन नहीं है। |
|---|---|
| Ans | ✔ A. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है |
| | ✘ B. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है |
| | ✘ C. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं |
| | ✘ D. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है |

| Q.63 | निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 5 8 3 6 9 4 2 7 5 1 3 4 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनके ठीक बाद एक विषम संख्या आती है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. एक |
| | ✘ B. तीन से अधिक |
| | ✔ C. तीन |
| | ✘ D. दो |

| Q.64 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',<br>और A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>यदि 'O - P # T + G @ V' है, तो O का V से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. माता |
| | ✘ B. पुत्री |
| | ✘ C. बहन |
| | ✘ D. पत्नी |

| Q.65 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'she takes photos' को 'rp bs eg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'photos are beautiful' को 'zs vx bs' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'photos' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है? |
|---|---|
| Ans | ✘ A. rp |
| | ✘ B. eg |
| | ✘ C. vx |
| | ✔ D. bs |

| | |
|---|---|
| Q.66 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन :<br>सभी समोसे, पैटीज़ हैं।<br>सभी समोसे, बर्गर हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ पैटीज़, बर्गर हैं।<br>(II) सभी बर्गर, समोसे हैं। |
| Ans | ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। |
| | ✔ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.67 | श्री अकाई बिंदु A से चलना शुरू करते हैं और दक्षिण की ओर 18 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं, 25 km गाड़ी चलाते हैं, फिर दाएं मुड़ते हैं और 9 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 11 km गाड़ी चलाते हैं। फिर वे दाएँ मुड़ते हैं, 5 km गाड़ी चलाते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं और 4 km गाड़ी चलाते हैं। अंत में वे बाएं मुड़ते हैं, 14 km गाड़ी चलाते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।) |
| Ans | ✗ A. दक्षिण में 10 km |
| | ✗ B. पश्चिम में 9 km |
| | ✗ C. पश्चिम में 10 km |
| | ✔ D. पूर्व में 10 km |

| | |
|---|---|
| Q.68 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>ULO SJM QHK OFI ? |
| Ans | ✗ A. MDH |
| | ✔ B. MDG |
| | ✗ C. MCG |
| | ✗ D. MCH |

| | |
|---|---|
| Q.69 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>812 813 810 815 808 817 ? |
| Ans | ✔ A. 806 |
| | ✗ B. 820 |
| | ✗ C. 819 |
| | ✗ D. 805 |

| | |
|---|---|
| Q.70 | अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. STV |
| | ✗ B. IJL |
| | ✗ C. HIK |
| | ✔ D. WYZ |

| | | |
|---|---|---|
| Q.71 | उत्तर दिशा के अभिमुख 31 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, जैक दाएं छोर से 7वें स्थान पर है। यदि रोनाल्ड, जैक के बाएं से 5वें स्थान पर बैठा है, तो पंक्ति के बाएं छोर से रोनाल्ड का स्थान कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. 19वां |
| | ✗ B. 22वां |
| | ✓ C. 20वां |
| | ✗ D. 21वां |

| | | |
|---|---|---|
| Q.72 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>FEL221, NMT202, VUB183, DCJ164, ? |
| Ans | ✗ A. LKS145 |
| | ✓ B. LKR145 |
| | ✗ C. MKR145 |
| | ✗ D. LUR145 |

| | |
|---|---|
| Q.73 | M, N, O, P, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाएं से गिने जाने पर, P और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। W, N के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। Y, N के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। Y, P के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। X, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। M के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ A. N |
| | ✗ B. O |
| | ✗ C. W |
| | ✓ D. Y |

| | |
|---|---|
| Q.74 | F, G, H, I, M, N और O एक गोल मेज के परितः, केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाईं ओर से गिनने पर, I और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। N के बाईं ओर तीसरे स्थान पर G बैठा है। N के ठीक दाईं ओर पड़ोस में H बैठा है। I के बाईं ओर दूसरे स्थान पर H बैठा है। G का निकटतम पड़ोसी F नहीं है। M के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है? |
| Ans | ✗ A. O |
| | ✓ B. H |
| | ✗ C. N |
| | ✗ D. F |

| | |
|---|---|
| Q.75 | यदि + का अर्थ − है, − का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>25 − 16 ÷ 79 + 189 × 3 = ? |
| Ans | ✗ A. 462 |
| | ✗ B. 458 |
| | ✗ C. 469 |
| | ✓ D. 416 |

| | |
|---|---|
| Q.76 | किसी निश्चित कूट भाषा में, 'books are treasures' को 'ab hi pq' के रूप में तथा 'treasures read gems' को 'st hi xy' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'treasures' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा? |
| Ans | ✓ A. hi |
| | ✗ B. pq |
| | ✗ C. xy |
| | ✗ D. st |

| Q.77 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>777 767 762 752 747 ? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. 737 |
| | ✗ B. 736 |
| | ✗ C. 739 |
| | ✗ D. 738 |

| Q.78 | यदि ‘A’ का अर्थ ‘÷’ है, ‘B’ का अर्थ ‘x’ है, ‘C’ का अर्थ ‘+’ है और ‘D’ का अर्थ ‘-‘ है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न ‘?’ के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>56 A 8 C 2 B 7 D 6 = ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 16 |
| | ✗ B. 14 |
| | ✗ C. 13 |
| | ✔ D. 15 |

| Q.79 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से, GMUZ का संबंध EJSW से है। उसी तरीके से, YAMN का संबंध WXKK से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, SRGE का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. QOER |
| | ✔ B. QOEB |
| | ✗ C. QMKI |
| | ✗ D. QBNJ |

| Q.80 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>19, 22, 28, 37, 49, ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 65 |
| | ✗ B. 63 |
| | ✔ C. 64 |
| | ✗ D. 66 |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| Q.81 | बोल्ड कुरुक्षेत्र 2025, भारत और किस अन्य राष्ट्र के बीच आयोजित किया गया एक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. यूनाइटेड किंगडम |
| | ✗ B. रूस |
| | ✗ C. चीन |
| | ✔ D. सिंगापुर |

| Q.82 | निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी बैंक जून 2025 में, GIFT सिटी में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज - इंटरनेशनल एक्सचेंज (NSE IX) पर बॉन्ड सूचीबद्ध करने वाला पहला बैंक बन गया? |
|---|---|
| Ans | ✔ A. DFCC बैंक |
| | ✗ B. HSBC बैंक |
| | ✗ C. DBS बैंक |
| | ✗ D. बार्कलेज बैंक |

| | |
|---|---|
| Q.83 | जून 2025 तक, नई दिल्ली स्थित इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA), कितनी प्रजातियों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करेगा? |
| Ans | ✔ A. सात |
| | ✘ B. आठ |
| | ✘ C. छह |
| | ✘ D. पांच |

| | |
|---|---|
| Q.84 | 19 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले प्रथम पुरुष खो-खो विश्व कप का खिताब जीतने के लिए नेपाल को 54-36 से हराकर कौन-सी टीम विजयी हुई? |
| Ans | ✘ A. बांग्लादेश |
| | ✘ B. नेपाल |
| | ✔ C. भारत |
| | ✘ D. पाकिस्तान |

| | |
|---|---|
| Q.85 | कौन-सी केंद्रीय स्कीम, 2025-26 में अल्पसंख्यक शिक्षा छात्रवृत्तियों के लिए बजट आवंटन में भारी कटौती करती है? |
| Ans | ✘ A. पीएम-विरासत (PM-Viraasat) |
| | ✘ B. नया सवेरा (Naya Savera) |
| | ✘ C. USTTAD |
| | ✔ D. प्री-मैट्रिक (Pre-Matric) |

| | |
|---|---|
| Q.86 | निम्नलिखित में से किस भारतीय एथलीट ने 2025 में बोस्टन विश्वविद्यालय में पुरुषों की 5,000 m स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया? |
| Ans | ✔ A. गुलवीर सिंह (Gulveer Singh) |
| | ✘ B. मुरली श्रीशंकर (Murali Sreeshankar) |
| | ✘ C. जिन्सन जॉनसन (Jinson Johnson) |
| | ✘ D. अविनाश साबले (Avinash Sable) |

| | |
|---|---|
| Q.87 | जून 2025 में, किस कंपनी को सशस्त्र बलों के लिए विस्तार योग्य मोबाइल शेल्टर का उत्पादन करने का लाइसेंस दिया गया? |
| Ans | ✘ A. मेटलटेक मोटर बॉडीज़ प्राइवेट लिमिटेड |
| | ✘ B. गोमा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| | ✔ C. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड |
| | ✘ D. भारत फोर्ज |

| | |
|---|---|
| Q.88 | 2025 पेरिस मैराथन में पुरुषों की दौड़ किसने जीती? |
| Ans | ✘ A. एलिउड किपचोगे (Eliud Kipchoge) |
| | ✘ B. सिला किप्टू (Sila Kiptoo) |
| | ✘ C. इब्राहिम हसन (Ibrahim Hassan) |
| | ✔ D. बेनार्ड बिवॉट (Bénard Biwott) |

| | |
|---|---|
| Q.89 | असम की मुख्यमंत्री जीवन अनुप्रेरणा योजना _______ प्रदान करती है। |
| Ans | ✔ A. एकमुश्त अनुदान |
| | ✘ B. मासिक स्टाइपेंड वाली फैलोशिप |
| | ✘ C. मासिक छात्रवृत्ति |
| | ✘ D. ऋण 5 वर्षों में चुकाये जाने की सुविधा |

| | |
|---|---|
| Q.90 | महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 2025 में पद्म भूषण किसे मिला? |
| Ans | ✗ A. नंदमुरी बालकृष्ण |
| | ✓ B. शेखर कपूर |
| | ✗ C. पंकज पटेल |
| | ✗ D. एस अजित कुमार |

| | |
|---|---|
| Q.91 | सितंबर 2025 में, किस राज्य सरकार ने पर्यावरण के अनुकूल और कम प्रदूषणकारी उद्योगों को आकर्षित करने के लिए पर्यावरण, सामाजिक और सुशासन (ESG) नीति को मंजूरी दी? |
| Ans | ✗ A. हरियाणा |
| | ✗ B. गुजरात |
| | ✗ C. आंध्र प्रदेश |
| | ✓ D. केरल |

| | |
|---|---|
| Q.92 | किस शहर में जुलाई 2025 तक 11,000 से अधिक अल्पसंख्यक छात्रों को ₹6.79 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित की गई? |
| Ans | ✓ A. प्रयागराज |
| | ✗ B. भोपाल |
| | ✗ C. पटना |
| | ✗ D. गांधीनगर |

| | |
|---|---|
| Q.93 | सितंबर 2025 में, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) कार्यक्रम के तहत किस क्षेत्र को भारत का पहला कोल्ड डेजर्ट बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया? |
| Ans | ✗ A. नुब्रा घाटी |
| | ✗ B. सतलुज घाटी |
| | ✗ C. लद्दाख घाटी |
| | ✓ D. स्पीति घाटी |

| | |
|---|---|
| Q.94 | 2017 और 2025 में दो IPL फाइनल प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय कौन थे? |
| Ans | ✗ A. विराट कोहली |
| | ✗ B. जसप्रीत बुमराह |
| | ✓ C. क्रुणाल पांड्या |
| | ✗ D. रोहित शर्मा |

| | |
|---|---|
| Q.95 | 12-15 जून 2025 तक आयोजित होने वाला बिल्डरबर्ग सम्मेलन __________ में आयोजित किया गया। |
| Ans | ✗ A. कोपनहेगन |
| | ✓ B. स्टॉकहोम |
| | ✗ C. हेलसिंकी |
| | ✗ D. ओस्लो |

| | |
|---|---|
| Q.96 | सैन्य, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए 17 जनवरी 2025 को मास्को में किस संधि पर हस्ताक्षर किए गए? |
| Ans | ✗ A. रूस-यूरोपीय संघ व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि (Russia-EU Comprehensive Strategic Partnership Treaty) |
| | ✗ B. रूस-चीन रणनीतिक साझेदारी (Russia-China Strategic Partnership) |
| | ✓ C. ईरान-रूस व्यापक रणनीतिक साझेदारी संधि (Iran-Russia Comprehensive Strategic Partnership Treaty) |
| | ✗ D. रूस-भारत अंतरिक्ष समझौता (Russia-India Space Agreement) |

| | |
|---|---|
| Q.97 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने गिग वर्कर को ऋण प्रदान करने के लिए दिसंबर 2024 में विविफी फाइनेंस (Vivifi Finance) के साथ भागीदारी की? |
| Ans | ✗ A. स्माल इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI) |
| | ✓ B. रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) |
| | ✗ C. भारतीय बैंक एसोसिएशन (IBA) |
| | ✗ D. नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) |

| | |
|---|---|
| Q.98 | जून 2025 में जारी अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में वैश्विक बिजली उत्पादन वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता देश कौन-सा है? |
| Ans | ✗ A. रूस |
| | ✗ B. संयुक्त राज्य अमेरिका |
| | ✓ C. भारत |
| | ✗ D. चीन |

| | |
|---|---|
| Q.99 | वह प्राथमिक तकनीकी समस्या क्या थी जिसके कारण 10 जून 2025 को एक्सिओम-4 (Axiom-4) मिशन में देरी हुई? |
| Ans | ✗ A. संचार विफलता |
| | ✗ B. सोलर पैनल की खराबी |
| | ✓ C. तरल ऑक्सीजन का रिसाव |
| | ✗ D. इंजन का ज़्यादा गर्म होना |

| | |
|---|---|
| Q.100 | जून 2025 में, भारत सरकार ने किस मंत्रालय के अंतर्गत मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने हेतु एक उत्कृष्टता केंद्र (Centre of Excellence) स्थापित करने की घोषणा की? |
| Ans | ✗ A. विधि एवं न्याय मंत्रालय |
| | ✓ B. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय |
| | ✗ C. ग्रामीण विकास मंत्रालय |
| | ✗ D. गृह मंत्रालय |

"